हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 8 जुलाई 2025

04 छप्पन भोग की प्रसादी पाकर बरसते पानी में धाम रवाना...



07 पांच दिनों से रूक-रूककर हो रही बारिश से मौसम...





**बारिश:** रविवार रात हुई तेज बारिश से सड़कों पर भरा पानी, कई घरों में घुसा

## 40 मिनट बारिश से लबालब भरे खेत आज जिले में भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मौसम विभाग ने मंगलवार को अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं रविवार रात 11 बजे 40 मिनट हुई मूसलधार बारिश से लड्डा एजेंसी रोड, गल्ला मंडी गेट, कागदीपुरा और डंडापुरा समेत कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया। नालों में कचरा भरा होने से बारिश का पानी सड़कों पर फैल गया। कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया। लोगों को रातभर बाल्टियों और पाइपों से पानी निकालना पड़ा।

जलभराव की वजह से दोपहिया गाड़ियां बंद पड़ गई। बारिश रुकने के 30 मिनट बाद स्थिति सामान्य हुई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी दी है। 10 जुलाई को तेज बारिश की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। जिले की 10 में से 9 तहसीलों में कुल 10.2 इंच बारिश हुई, जिसका औसत 1 इंच रहा। सबसे ज्यादा बारिश बासौदा में 2 इंच और सिरोंज में 1.9 इंच रिकॉर्ड की गई। इसके बाद कुरवाई में 1.5 इंच, विदिशा मुख्यालय में 1.3 इंच और गुलाबगंज में 1 इंच वर्षा हुई। लटेरी में 0.6 इंच, ग्यारसपुर और नटेरन में 0.7-0.7 इंच, जबकि शमशाबाद में 0.2 इंच और पठारी में 0.3 इंच बारिश दर्ज की गई।



विदिशा। सोमवार दोपहर हुई बारिश के कारण सड़कों पर घुटने-घुटने पानी भर गया, जिससे वाहन चालक परेशान हुए।

**मंगलवार को अति भारी बारिश का अलर्ट:** मौसम विभाग के अनुसार 8 जुलाई को मंडला, सिवनी और बालाघाट में अति भारी बारिश का अलर्ट है। अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, जबलपुर, पन्ना, कटनी, सतना, मैहर, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी और सीधी में भारी बारिश हो सकती है।9 जुलाई को अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्टमौसम विभाग के मुताबिक, 9 जुलाई को सीहोर, हरदा, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, सिवनी, मंडला, डिंडौरी और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। बुरहानपुर, खंडवा, देवास, शाजापुर, राजगढ़, भोपाल, विदिशा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, कटनी, सतना, मैहर, उमरिया, शहडोल और अनूपपुर में भारी बारिश का अलर्ट है।



### सोमवार को हुई बारिश

| | |
|---|---|
| बासौद | 52 मिमी |
| शमशाबाद | 5 मिमी |
| विदिशा | 33 मिमी |
| कुरवाई | 37 मिमी |
| सिरोंज | 48 मिमी |
| लटेरी | 16 मिमी |
| ग्यारसपुर | 18 मिमी |
| गुलाबगंज | 26 मिमी |
| नटेरन | 18 मिमी |

### जिले में हुई बारिश

| | |
|---|---|
| विदिशा | 243 मिमी |
| बासौदा | 219.7 मिमी |
| कुरवाई | 243.2 मिमी |
| सिरोंज | 232 मिमी |
| लटेरी | 230.5 मिमी |
| ग्यारसपुर | 365 मिमी |
| गुलाबगंज | 187 मिमी |
| नटेरन में | 265 मिमी |
| शमशाबाद | 157.2 मिमी |
| पठारी | 378.6 मिमी |

कुल 252.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है।

## खबर संक्षेप

### आज अशोकनगर जाएंगे सैकड़ों कांग्रेसी

**विदिशा।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हुई एफआईआर के विरोध में जिले से सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ता आज दोपहर 12 अशोकनगर पहुंचेंगे। कार्यकर्ता यहां भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन कर न्याय सत्याग्रह में शामिल होंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि मप्र सरकार जीतू पटवारी की आवाज को दबाना चाहती है। हम सब कांग्रेस के कार्यकर्ता जीतू पटवारी के साथ हैं और इस गलत एफआईआर की निंदा करते हैं।

### एसएटीआई में बीबीए और एमएससी एप्लाइड केमिस्ट्री में प्रवेश शुरू

**विदिशा।** एसएटीआई ने सत्र 2025-26 से बीबीए पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। संस्थान के निदेशक डॉ. वायके जैन ने बताया कि बीबीए पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार किया गया है। जिसमें केस स्टडी, प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप और औद्योगिक भ्रमण शामिल हैं। साथ ही एसएटीआई में 53 वर्षों से संचालित एमएससी एप्लाइड केमिस्ट्री पाठ्यक्रम में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस कोर्स में विद्यार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण, औद्योगिक भ्रमण और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाते हैं, जिससे वे रासायनिक और फार्मा उद्योगों के लिए दक्ष बनते हैं।

### बचपन प्ले में बच्चों को दी जाएगी कराते की ट्रेनिंग



**विदिशा।** शास्त्री नगर स्थित बचपन प्ले स्कूल में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिसमें अब प्री प्राइमरी के नन्हे मुन्ने बच्चों को नियमित रूप से आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को विपरीत परिस्थितियों में सूझबूझ से काम लेने और आत्मरक्षा के लिए तैयार करना है। आज के सामाजिक परिवेश में आत्मरक्षा की तकनीक का ज्ञान होना बहुत ही आवश्यक है। विद्यालय की संचालिका अंजली श्रीवास्तव ने बताया कि अब से कराते की ट्रेनिंग बच्चों को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह ट्रेनिंग न सिर्फ बच्चों की सुरक्षा के लिए, बल्कि यह उनके सर्वांगीण विकास में भी लाभदायक होगी।

### अपनी मांगों को लेकर कोटवारों ने सौंपा ज्ञापन

**ग्यारसपुर।** तहसील के समस्त कोटवारों ने अपनी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रदेश के सभी कोटवारों को परमानेंट किया जाए। शहरी नगरी एवं ग्राम में एक से अधिक कोटवार होने की स्थिति में कोटवार पद समाप्त करने संबंधी असंवैधानिक आदेश निरस्त किया जाए। मालगुजार भूमि का स्वामित्व प्रदान किया जाए। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष रतनलाल अहिरवार सचिव सहसंयोजक खुमान सिंह सेन सहित तहसील के समस्त कोटवार मौजूद रहे।

### कॉलेज में 3 दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ

**विदिशा।** शासकीय कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह राजपूत सहित सभी प्राध्यापकों ने विषय चयन, परीक्षा प्रणाली, नैतिक मूल्य, आत्मरक्षा, वित्तीय साक्षरता और रोजगार परक नवाचार जैसे विविध विषयों पर सरल और प्रभावी मार्गदर्शन दिया। मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार सुमन ने संघर्ष और संचार कौशल से जीवन संवारने की प्रेरणा दी। जनभागीदारी अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. वर्षा रानी महतो के निर्देशन में हुआ और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहा।

## अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्री पर सख्ती से रोक लगाने के आदेश

### टीएल की बैठक में कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान सोमवार को जिला पंजीयक को निर्देश दिए हैं कि अवैध कॉलोनियों की एक भी रजिस्ट्री न हो। उन्होंने कहा की अवैध कॉलोनी जिन्हे चिन्हित किया गया है उनकी सूची सार्वजनिक की जाए। बता दें कि अवैध कॉलोनी बनाने वालों को न्यूनतम 7 साल की सजा और 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसके बाद भी विदिशा शहर में अवैध कॉलोनियां बेधड़क पनप रहीं हैं। जिसमें से ज्यादातर कॉलोनियां रसूखदारों की हैं या राजनीतिक संरक्षण प्राप्त लोगों की है। कई कॉलोनियों से सीधे नेता जुड़े हुए हैं। इसलिए अवैध कॉलोनियां विकसित करने का धंधा शहर में खूब फल फूल रहा है।

तात्कालीन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले की 29 अवैध कॉलोनियों के प्लाटों की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। जिनमें विदिशा तहसील की 12 और शमशाबाद तहसील की 17 कॉलोनी शामिल हैं। शहर में करीब 100 अवैध कॉलोनियां हैं। इन कॉलोनाजर को भी अवैध दस्तावेज दिखाने के लिए दो - दो बार समय दिया गया पर कोई भी वैध दस्तावेज जमा नहीं कर पाया था। इसके बाद कलेक्टर रजिस्ट्रियों पर रोक लगाई थी। अब कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने इस पर सख्ती दिखाई है।

### निर्देश के बाद भी दर्ज नहीं कराई एफआईआर

अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के शासन के निर्देश के बाद फरवरी माह में विदिशा में ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई थी। कई अवैध कॉलोनियों की सड़कें खोद दी गईं थीं और बाउंड्रियों को गिरा दिया था। तहसीलदर अमित सिंह ने यह कार्रवाई की थी। वहीं तात्कालीन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन आज तक एक भी अवैध कॉलोनाइजर पर एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई, और भी वह अवैध कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं।

### चाकू से हमला करने वाले दोषी को 5 साल की सजा

**हरिभूमि न्यूज.विदिशा।** न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पांच साल की सजा सुनाई है। फरियादी हरनाथ कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बेटे राहुल के साथ बसस्टैंड ठेला से तरबूज खरीदते समय अंशु अहिरवार से विवाद हो गया और अंशु ने जान से मारने की नीयत से हरनाथ कुशवाह को चाकू मार दिया था। सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन द्वारा आरोपी अंशु अहिरवार को 5 वर्ष के कारावास 2 हजार रुपए अर्थ दंड से दंडित किया है।

## विदिशा पुलिस ने लगाए 6 हजार 346 पौधे और 10 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

1 से 7 जुलाई तक जिलेभर में आयोजित हरियाली महोत्सव का समापन सोमवार को पुलिस लाइन में पौधरोपण के साथ हुआ। एसपी रोहित काशवानी एवं वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने स्वयं पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

आम, जामुन, आंवला, अमरूद व शीशम सहित 100 से अधिक उपयोगी प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, अपर कलेक्टर अनिल डामौर, जिला पंचायत सीईओ ओमप्रकाश सनोडिया, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, थाना प्रभारी, नवआरक्षक, पुलिस बल, पत्रकारों व अन्य अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। जिले में कुल 6 हजार 346 पौधे लगाए जा चुके हैं। पुलिस विभाग का लक्ष्य 10 हजार पौधे लगाने का है। थाना मुरवास में प्रभारी राजेश मिश्रा ने 50 पौधे, थाना यातायात प्रभारी आशीष राय ने 15 पौधे और शमशाबाद प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने 15 पौधे लगाए।



### 61,037 हितग्राहियों की ईकेवायसी शेष

**विदिशा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की ईकेवायसी के लिए विशेष अभियान जारी है। अब तक की रिपोर्ट के अनुसार जिले में लगभग 61,037 हितग्राहियों की ईकेवायसी शेष है। अपात्र, दोहरे, मृत या अस्तित्वहीन हितग्राहियों के नाम विलोपित करने के लिए पोर्टल पर प्रविष्टि की गई है। 15 जुलाई 2025 तक यह अभियान चलाकर मौके पर सत्यापन के बाद शेष हितग्राहियों की ईकेवायसी कराई जाएगी। निर्धारित समय सीमा में ईकेवायसी न कराने पर यह माना जाएगा कि व्यक्ति अस्तित्व में नहीं है या उसे राशन की आवश्यकता नहीं है, और ऐसी स्थिति में उसका नाम सूची से विलोपित किया जा सकेगा। प्रशासन ने सभी पात्र हितग्राहियों से समय-सीमा के भीतर ईकेवायसी कराने का अनुरोध किया है ताकि भविष्य में खाद्यान्न प्राप्ति में कोई समस्या न हो।

## पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह मृतक वेद के परिजनों से मिले कलेक्टर से फोन पर सहायता राशि के लिए चर्चा की

- गलत दवाएं देने के कारण हुई थी वेद कुशवाह की मौत।

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह सोमवार को लटेरी पहुंचे। उन्होंने हाल ही में डॉक्टर की कथित लापरवाही से मृत दो वर्षीय बालक वेद कुशवाह के परिजनों से मुलाकात की। मृतक के पिता विनोद कुशवाह से घटना की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं एसपी और जिला कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की।



### नकली दवा विक्रेता पर हो कार्रवाई: लक्ष्मण सिंह

लक्ष्मण सिंह ने नकली दवा के मुद्दे पर संबंधित दवा निर्माता कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिला कलेक्टर ने सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। लक्ष्मण सिंह ने झोलाछाप डॉक्टरों के कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. बल्देव प्रसाद शर्मा के निवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे गग्नेंद्र रघुवंशी से भी मिले। पार्टी से निष्कासन संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें सच बोलने की कीमत चुकानी पड़ी है।

## एक सप्ताह में सुधार नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में लंबित आवेदनों और विशेष अभियानों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों पर विभागीय लापरवाही सामने आने पर उन्होंने एल-1 स्तर पर अनसुनी शिकायतों और आश्वासनयुक्त जवाब देने वालों की सूची तैयार कर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले की प्रदेश रैंकिंग 24वें स्थान पर है जो निराकरण में लापरवाही का संकेत है। एक सप्ताह में सुधार नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में जानकारी दी गई कि सीएम हेल्पलाइन के 100 दिवसीय आवेदनों में 5234 में से 5227 मामले लंबित हैं। वहीं, पचास दिवसीय आवेदनों की संख्या 7474 है। कलेक्टर ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में 9.5 लाख पौधे लगाने के लक्ष्य की प्रगति की भी समीक्षा की। छात्रवृत्ति मामलों में आदिम जाति कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि जिले के 70 लंबित विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति दिलाई जाए और बजट की आवश्यकता पर अर्द्धशासकीय पत्र भेजा जाए।



## शमशाबाद पहुंचे पटवारी, कहा: शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर तक नई रणनीति बनाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

सोमवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से चर्चा की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी भी मौजूद रहे।

प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि पंचायत, वार्ड, ब्लॉक से लेकर जिलास्तर तक ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की जा रही है, जो जनहित की हर लड़ाई को नए मुकाम तक पहुंचाएगी और मॉडल के रूप में सामने आएगी। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व और संगठन में बदलाव की राह पर है। उन्होंने साफ किया कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर अब संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं को दी जाएगी। जिला और ब्लॉक स्तर पर अध्यक्षों का चयन सीधे कार्यकर्ता करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे चुनाव में सक्रिय रहें और सही नेतृत्व को चुनें। पूर्व मंत्री प्रभू सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस में शीर्ष से लेकर जमीनी स्तर तक नई रणनीति बनाई जा रही है।



## दुर्गानगर मंडल पदाधिकारी घोषित 5 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री बनाए गए

- छह मंडल में से दुर्गानगर मंडल के पदाधिकारी घोषित।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को दुर्गानगर मंडल की मंडल पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है।

मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि 5 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिनमें वीरेंद्र सिंह राणा, गोविंद बरसैया, दीपसिंह जादौन, अमन जैन, विवेक सिंह सेंगर शामिल हैं। रामप्रसाद पासी और सुनील साहू को महामंत्री बनाया गया है। वहीं पांच मंत्री बनाए गए हैं। सीमा धन्नालाल सूर्यवंशी, राजेंद्र अहिरवार, महेंद्रसिंह दांगी, सरिता लखन पटेल, तारा चिढ़ार शामिल हैं। कार्यकरिणी में 60 सदस्य रखे गए हैं। अन्य मंडलों के पदाधिकारियों की घोषणा होना अभी शेष है। उल्लेखनीय है कि विदिशा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के 6 मंडल दुर्गानगर, बैसनगर मंडल, वैत्रवती नगरमंडल, गुलाबगंज मंडल, अहमदपुर मंडल, ढोलखेड़ी मंडल शामिल हैं। अभी सिर्फ दुर्गानगर मंडल के पदाधिकारियों की ही घोषणा हो पाई है।

## ग्रामीणों को पक्की सड़क व स्कूल बिल्डिंग का इंतजार

### बागरोद चक्क में कीचड़ से गुजरने मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭कस्बा बागरोद

कस्बा बागरोद के समीप राजस्व ग्राम घोषित बागरोद चक्क आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। कागजों में राजस्व ग्राम बनने के बाद भी यहां पक्की सड़क नहीं बन पाई, जिससे ग्रामीण और स्कूली बच्चे बारिश में कीचड़ और गड्ढों से होकर निकलने को मजबूर हैं।

गांव में स्कूल की बिल्डिंग तक नहीं है, जिसके कारण बच्चों को बागरोद या अन्य स्थानों पर पढ़ने जाना पड़ता है। साइकिल योजना का लाभ भी गांव के बच्चों को नहीं मिल रहा क्योंकि ग्राम की अलग आईडी नहीं बनी है। ग्रामीणों ने बताया कि शासन ने सड़क, बिजली, पानी और स्कूल का वादा किया था, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। यहां शमशान भूमि तक नहीं है, लोग निजी जमीन में अंतिम संस्कार करने मजबूर हैं। बरसात में टीन शेड तक की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सुविधाएं नहीं मिलीं तो वे चुनाव का बहिष्कार करेंगे।



**महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने बस स्टैंड क्षेत्र में चलाया अभियान**

## 8 बाल श्रमिकों को रेस्क्यू कर पुनर्वास की तैयारी

**शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाएगा और स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया कराई जाएगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बाल भिक्षावृत्ति के उन्मूलन के लिए 20 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान 1 से 20 जुलाई तक कलेक्टर के निर्देशन में संचालित हो रहा है। जिसका उद्देश्य भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की पहचान कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने बस स्टैंड विदिशा क्षेत्र में अभियान चलाकर 18 वर्ष से कम उम्र के 7 बच्चों को भीख मांगते और 1 बच्चे को कचरा-पन्नी बीनते हुए रेस्क्यू किया। कुल 8 बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। समिति के निर्देश पर 3 बच्चों को वन स्टॉप सेंटर में, 4 बच्चों को शिशु गृह में और 1 बच्चे को बरईपुरा बालक छात्रावास में अस्थायी रूप से सुरक्षित रखा गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के तहत रेस्क्यू किए गए सभी बच्चों के माता-पिता, परिवारों का पता लगाकर उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाएगा और स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया कराई जाएगी। साथ ही बच्चों का पारिवारिक पुनर्वास भी सुनिश्चित किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि भीख मंगवाने या इसके लिए किसी बालक को नियोजित करने पर 5 वर्ष तक के कारावास और एक लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है। अभियान के तहत जिलेभर में जागरूकता रैलियां, पोस्टर-बैनर, नुक्कड़ नाटक और संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से अपील की जा रही है कि वे बच्चों को भीख न दें, बल्कि उनकी शिक्षा और भविष्य संवारने में सहयोग करें।



विदिशा। भिक्षावृति करने और कचरा बीनने वाले बच्चों को रेस्क्यू किया गया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3261
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2630
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2410
उच्चतम भाव-2440
चना
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5580
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3476
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-2956
मसूर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-6371
सरसों
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-7740
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4335
मूंग
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-7235
उड़द
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-5300
धनिया
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-6411
तुअर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
ज्वार
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-2000
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3490
अलसी
न्यूनतम भाव-6600
उच्चतम भाव-6600

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10135 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### दीक्षा समारोह आयोजित

**गंजबासौदा।** सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें नवप्रवेशी छात्राओं का स्वागत किया गया और जानकारियां साझा की गईं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके यादव ने बताया कि नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों द्वारा छात्रों के हित हेतु संचालित शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारियां साझा की गईं। वही उन्हें कैरियर मार्गदर्शन की विधाओं से अवगत कराया गया है। समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. अनामिका प्रजापति ने छात्रवृत्ति के संबंध में छात्राओं को जानकारी प्रदान की उसके पश्चात डॉक्टर प्रदन्या करंदीकर क्रीडा अधिकारी ने छात्राओं को महाविद्यालय में समय-समय पर होने वाले खेलों के विषय में जानकारी दी गई।

### 12 दिन तक नौलखी में रथयात्रा महोत्सव की रही धूम, लगाया 221 व्यंजनों का भोग

# छप्पन भोग की प्रसादी पाकर बरसते पानी में धाम रवाना हुए महाप्रभु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अपने भगवान को धाम के लिए विदा करते हुए मंदिर के अंदर श्रद्धा और भक्ति भाव में डूबे भक्तों की आंखें जहां झज्जर बह रही थीं तो वहीं मंदिर के बाहर बरसते पानी में महाप्रभु अपने धाम रवाना होने के लिए रथ पर सवार हो रहे थे। गाजे बाजे के साथ विदाई की इस बेला में भक्त और भगवान प्रेम और श्रद्धा की बारिश में भीगते हुए दिखाई दिए। महाप्रभु जगन्नाथ सोमवार को भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर बरसते पानी में अपने निज धाम वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम के लिए विदा हुए। अपने धाम के लिए रवाना होने से पहले महाप्रभु जगन्नाथ ने भक्तों के साथ छप्पन भोग की प्रसादी ग्रहण की। मांगरोद की कीर्तन मंडली के साथ नाचते गाते हुए भक्तों ने अपने महाप्रभु को निज धाम के लिए विदा किया।





मालूम हो कि रथ यात्रा महोत्सव में नगर भ्रमण के पश्चात महाप्रभु जगन्नाथ पिछले 12 दिन से स्टेशन रोड़ स्थित अपनी मौसी के घर नौलखी मंदिर में विराजमान थे। उनकी अगवानी के उपलक्ष्य में मंदिर में जगन्नाथ भगवान की कथा, चैतन्य महाप्रभु के चरित्र अमृत कथा, प्रतिदिन भक्तों द्वारा छप्पन भोग सहित स्थानीय और बाहर से आए कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन के माध्यम से महाप्रभु को प्रसन्न किया जा रहा था। मंदिर में महाप्रभु की सेवा में आयोजित हो रहे उत्सव के चलते भक्ति से सराबोर आनंदित भक्तों को जगन्नाथपुरी जैसा दिव्य अनुभव मिल रहा था। सुबह से लेकर देर रात तक महाप्रभु के उत्सव में शामिल होने भक्तों की भीड़ मंदिर में दिखाई देती थी। मंदिर में प्रतिदिन 56 भोग के साथ भंडारा आयोजित हो रहा था जिसमें सैकड़ों भक्त प्रसादी ग्रहण करते थे। उत्सव के दौरान अपने महाप्रभु को रोज नित नए व्यंजनों को अर्पित करने का भाव और उत्साह इतना अधिक था कि मंदिर के सीताराम संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित हुए 56 भोग की प्रसादी में भक्तों द्वारा 221 व्यंजनों का भोग महाप्रभु को अर्पित किया गया। अपने धाम रवाना होने से पहले सोमवार को महाप्रभु ने अपने प्रिय भोग कड़ी भात के साथ 96 व्यंजनों की प्रसादी साधु संतों भक्तों के साथ ग्रहण की। शाम के समय मंदिर के महंत नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने महाप्रभु की आरती उतार कर उन्हें रथ पर बैठाया।

बैंड बाजे और कीर्तन मंडली के साथ मंदिर से महाप्रभु अपने धाम के लिए रवाना हुए, इस दौरान रास्ते में जगह-जगह भक्तों ने भगवान की आरती उतार कर पूजन अर्चन की। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए भगवान महाप्रभु का रथ देर शाम वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पहुंचा।

## लोकतंत्र सैनानी को राजकीय सम्मान एवं गार्ड ऑफ ऑनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लोकतंत्र सेनानी और मीसाबंदी एडवोकेट नेमीचंद जैन का सोमवार निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे, उनका जन्म 17 जुलाई 1941 को हुआ था। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास वार्ड क्रमांक 22 जैन चैत्यालय से पारासरी विश्राम घाट के लिए दोपहर के समय निकाली गई। उनके परिवार में पत्नी सरला देवी जैन, चार बेटे और एक बेटी है। बेटा संजय कुमार जैन, सिद्धार्थ जैन, चंद्रानंदन जैन और सौरभ जैन हैं वहीं बेटी संगीता जैन है। अंतिम विदाई के दौरान पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जिन्होंने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## स्वयंसेवकों को केंद्रीय मंत्री ने बांटे प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नगर में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान किया गया। यह कार्यक्रम मदन भैया क्लब पार्क में आयोजित हुआ। जिसका उद्देश्य जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर एकजुटता का संदेश देता है। रक्तदान केवल स्वास्थ्य सेवा ही नहीं यह एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है, यह मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण है हमारे देश में हर साल लाखों लोगों को रक्त की आवश्यकता होती है लेकिन मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर आज भी एक गंभीर समस्या है। इसी समस्या को कम करने के लिए रक्तदान जरूरी है एवं जागरूकता फैलाने का भी माध्यम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मौजूद थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं मनीष दुबे, सौरभ विश्वकर्मा के नेतृत्व में नगर में आयोजित शिविर में स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान शिवराज सिंह चौहान द्वारा सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। साथ ही वरिष्ठ स्वयंसेवक सृष्टि तिवारी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर स्वयंसेवक अंजलि, पीयूष, पायल, शिवानी, शैली, नेहा, भाग्यश्री लोधी, अभय परिहार, अंशिका सेन एवं पूर्व स्वयंसेवक अभय तिवारी एवं अक्षय तिवारी भी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि स्वयं सेवक सृष्टि, अभय और अक्षय तिवारी तीनों भाई बहन हैं, तीनों ने मानवता की सेवा के लिए एक साथ रक्तदान किया।

## नगर में हुई झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को रात्रि के समय नगर में तेज बारिश का दौर शुरु हो गया जो रुक रुक कर रात भर चलता रहा। वहीं सोमवार को सुबह से लेकर शाम तक रुक रुक कर बारिश होती रही। जिससे मौसम में ठण्डक घुल गई। यहां उल्लेखनीय है कि विगत चार, पांच दिन से रुक रुक कर बारिश का दौर चलने से गर्मी से लोगों को निजात मिल गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि सर्वाधिक वर्षा बासौदा तहसील में 52 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। तहसील में लगे वर्षा मापी यंत्र पर गंज बासौदा में 219.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। जिले में अभी तक 252.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है जबकि जिले की सामान्य वर्षा 1075.50 मिमी है।

### कोटवारों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**त्योंदा।** सोमवार को कोटवार संघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि सभी कोटवारी को परमानेंट किया जाये, कोटवार पंचायत 2007 की घोषणा अनुसार सभी 38000 कोटवारों को पात्रता परिक्षण कर सेवा/ मालगुजार भूमि का स्वामित्व प्रदान किया जाए। आभियान बलाकर सेवा भूमि अतिक्रमण, राजस्व आयुक्त कार्यालय भोपाल द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर की अवमानना कर अवैध रूप से जारी भण्डार क्रय नियम वर्दी क्रय नियम 22 का पालन कर वर्दी क्रय संबंधी आदेश निरस्त कर पूर्व की तरह वर्दी की राशि कोटवारों के बैंक खाते के माध्यम से भुगतान की जावे। शहरी एवं नगरीय क्षेत्र में तथा एक ग्रान में एक से अधिक कोटवार होने की स्थिति में कोटवार पद समाप्त करने संबंधी असंवैधानिक आदेश निरस्त किया जाए, कोटवार नियुक्ति में कोटवार परिवार के सदस्य को ही बिना ग्राम पंचायत प्रस्ताव के पटवारी प्रतिवेदन एवं थाना प्रभारी चरित्र प्रमाण के आधार पर कोटवार नियुक्ति में प्रथम वरियता संबंधी स्पष्ट आदेश किया जाए सहित अन्य मांगे शामिल हैं।



## विभिन्न संगठनों ने मांगों को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री को दिए ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नगरागमन पर नागरिकों, प्रेस क्लब गंजबासौदा, अपडाउनर्स एसोसिएशन एवं विभिन्न संगठनों ने ट्रेनों के स्टापेज, रेल सुविधाओं में वृद्धि की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे। इन ज्ञापनों में कहा गया है कि गंजबासौदा रेलवे स्टेशन अब अमृत भारत स्टेशन बन चुका है। यहां बेहद कम ट्रेन रूकती हैं जिससे शहर के व्यापारियों, विद्यार्थियों और अन्य यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। अतः रेल यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए निम्न ट्रेनों का स्टॉपेज गंजबासौदा स्टेशन पर किया जाना उचित होगा। जिसमें ट्रेन नंबर 19305-19306 डॉ आम्बेडकर नगर-कामाख्या एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22129-22130 मुंबई-अयोध्या केंट-तुलसी एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 11703-11704 डॉ आम्बेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस,ट्रेन नंबर 12183-12184 भोपाल प्रतापगढ एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 19489-19490 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 11085-11086 ग्वालियर बैंगलोर वीकली एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12944-12943 कानपुर वलसाड वीकली एक्सप्रेस आदि ट्रेनों शामिल हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त ट्रेनों का स्टापेज विदिशा के अलावा अन्य छोटे स्टेशनों पर भी है, जबकि गंजबासौदा में इनका स्टापेज अभी तक नहीं हुआ है। इसलिए उक्त ट्रेनों का स्टापेज गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर कराने की कृपा करें।



इसके अलावा केन्द्रीय मंत्री को रेल सुविधाओं में वृद्धि को लेकर भी ज्ञापन सौंपे गए। जिनमें बताया गया है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन का नव निर्माण अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा चुका है लेकिन उस स्तर की यात्री सुविधाएं नहीं बढाई गईं है। गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पर सफाई, सुरक्षा, शौचालय की कोई सुविधा नहीं हैं। इसलिए रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में विस्तार कराया जाए। साथ ही आरक्षण टिकिट खिडकी का समय पूर्वानुसार सुबह 8 से रात्रि 8बजे तक कराया जाए। प्रस्तावित नवीन फुट ओवर ब्रिज 12 मीटर को पूर्वी रेलवे कॉलोनी तक बढाया जाए। प्लेट फार्म विस्तारीकरण से प्लेट फार्म की लंबाई काफी बढ गई है। ऐसे में यात्रियों की सुविधा के लिए मालगोदाम के पास एक अन्य फुट ओवर ब्रिज का निर्माण स्वीकृत कराया जाए। इसी तरह 11605-11606 बीना भोपाल मेमो एक्सप्रेस बीना से भोपाल के बीच प्रतिदिन चलती है। यह ट्रेन दिन मे एक बार सुपर मेमू बनकर चलती है, लेकिन यह सुपर मेमू इस दौरान कल्हार रेलवे स्टेशन पर नहीं रूकती। जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पडती है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सुपर मेमू ट्रेन का कल्हार रेलवे स्टेशन पर स्टापेज कराया जाए। साथ ही इसके फेरे भी बढाए जाएं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इस ट्रेन का लाभ मिल सके। इसी तरह राज्यरानी एक्सप्रेस में जनरल कोच बढाए जायें। उधर ब्राह्मण दल ने भी केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि नगर में एक भी भारी उद्योग आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा लगवाया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सोयाबीन तेल या शुगर फैक्ट्री या अन्य कृषि आधारित उद्योग खोला जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे क्षेत्र के किसान आर्थिक उन्नति कर सकते हैं। महाराणा प्रताप की एक नवीन प्रतिमा महाराणा प्रताप सेवा समिति को उपलब्ध कराई जाऐ, इमली चौराहे पर महारानी अवंती बाई की प्रतिमा लगवाई जाए। जिससे बच्चों को प्रेरणा मिलती रहे।

### सत्यम बने विहिप प्रांत सह सोशल मीडिया प्रमुख



**गंजबासौदा।** विगत दिनों दतिया में संपन्न हुई विश्व हिन्दू परिषद प्रचार प्रसार विभाग की प्रांत बैठक में नगर के सत्यम दुबे बावली को विहिप प्रचार प्रसार विभाग की टोली में प्रांत सह सोशल मीडिया प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। उनकी इस नियुक्ति पर उन्हें जिलाध्यक्ष संदीप नेमा, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सेन, जिला मंत्री अभिषेक शर्मा, जिला सह मंत्री डॉ. सरित श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर झा, जिला संयोजक जगदीश शाक्य, जिला सह संयोजक द्वय अन्नू यादव एवं मंजीत तिवारी, जिला सुरक्षा प्रमुख राजकुमार विश्वकर्मा, जिला गौरक्षा प्रमुख टोनी अहिरवार, जिला विद्यार्थी प्रमुख लालचंद कुशवाहा, जिला समरसता प्रमुख दिलीप देसाई, सह प्रमुख बसंती लाल कुशवाह, जिला अर्चक पुरोहित प्रमुख पंडित लक्ष्मीनारायण शास्त्री, जिला सेवा प्रमुख रणधीर रघुवंशी, सह प्रमुख झगडू महाराज, जिला शोशल मीडिया प्रमुख शिवा दुबे, गजेंद्र राजपूत, रविन्द्र ठाकुर, अनिल कटियार, ब्रजेश कुशवाहा, प्रदीप राठौर, अमित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विपिन देव ने बधाई दी है।

### कार्यक्रम में लखपति दीदियों ने भी बताई अपनी कहानी

# केन्द्रीय मंत्री ने लखपति दीदियों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

केंद्रीय कृषि तथा किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री एवं विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल रविवार को बासौदा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान वे मानस भवन में लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में भी शामिल हुए। जनपद पंचायत बासौदा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि हर बहन को लखपति दीदी बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कार्य किये जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री का संकल्प है कि हर बहन लखपति दीदी बनें। इसी संकल्प की पूर्ति के लिए कार्य किये जा रहे हैं, ताकि हर बहन मुस्कुराए और आर्थिक रूप से सशक्त हो। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि अब लखपति दीदी के बाद मिलेनियम दीदी की और अग्रसर हो के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले कार्य समूहो के माध्यम से संपादित हो रहे है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना इत्यादि पर भी गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज 55 लाख बेटियां लाडली लक्ष्मी बन चुकी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को भी बधाई देते हुए कहा कि लाड़ली बहनों को प्रतिमाह 1250 रुपए की राशि मिल रही है जो अब 1500 होने वाली है और आगामी समय में यह राशि बढक़र 3000 होगी। केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस दौरान लखपति दीदियों से मंच से ही संवाद कर लखपति दीदी बनने में आजीविका मिशन की क्या भूमिका रही को जाना। लखपति दीदियों ने भी किस प्रकार गतिविधियों का संचालन कर प्रतिमाह की आमदनी 10 हजार से ऊपर हुई है को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में लखपति दीदी कविता, अर्पिता जोशी, संतोषी कुशवाहा और विनीता अहिरवार ने आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों से जुडक़र किस तरह बैंक सखी, सीएससी सेंटर, आटा चक्की इत्यादि गतिविधियां प्रारंभ कर अपनी स्वयं की आय प्रति माह 15 से 20 हजार की और लखपति दीदी बनीं है को साझा किया है।

बासौदा के मानस भवन में आयोजित लखपति दीदी संवाद कार्यक्रम में स्वागत भाषण जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी ने देते हुए जनपद के माध्यम से संपादित किए जा रहे कार्यों को उल्लेखित किया। कार्यक्रम में बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराजसिंह दांगी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**गंज बासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी में सोमवार को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन बाल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान के अन्तर्गत विमलेश मुडेया, द्वितीय व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खंड की उपस्थिति में आयोजित हुआ। शिविर में बाल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान योजना, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध अधिनियम, नालसा बच्चों को मैत्री पूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण, पीड़ितों के लिये विधिक सेवाएं योजना 2015 के विषयक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एडवोकेट शेर सिंह यादव, प्राचार्य प्रभात श्रीवास्तव, बृजेंद्र सिंह रघुवंशी, शिवकुमार दांगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार सिंह राठौर ने किया।

## 32 को मिलेगी नेत्रों की ज्योति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा तथा दमयंती धर्म कांटा सेवार्थ के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सोमवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद, सेंटर इंचार्ज रविंद्र रघुवंशी, नीतू श्रीवास्तव द्वारा 83 मरीजों की ओपीडी की गई। इसमें से 32 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 30 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 21 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए सलाह दी गई। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, सुरेश तनवानी, विनीत अरोरा, हरिसिंह ठाकुर, बृज किशोर सुहाने, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राम गोपाल गुप्ता, हेमंत राय, नेतराम मिश्रा, प्रदीप नेमा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### प्रसिद्ध जैनाचार्य हितेश चंद्र को राष्ट्रीय संत की पदवी की घोषणा

**सिरोंज।** साधु भूल करे तो श्रावक सुधारे और श्रावक भूल करे तो साधु सुधारे, लेकिन दोनों भूल करे तो कौन सुधारे ये सवाल का जवाब मुझे तीन थॉय के गच्छाधिपति परम पूज्य हितेश चंद्र विजय महाराज के कमाठी पूरा चातुर्मास के प्रवेश में मिला। यह बात कहते हुए जैन समाज के अग्रणी हार्दिक हुंडिया ने बताया कि इनका जवाब संघ है। जैन धर्म में संघ महान है। इनकी रचना तीन लोक के नाथ देवाधिदेव परमात्मा भगवान महावीर स्वामीजी ने की थी। परम कृपालु परमात्मा के अनमोल संदेश सवी जीव करू शासन रशी की उत्कृष्ट भावना भाने वाले हितेश चंद्र विजय,निलेश चंद्र विजय अन्य मुनि महाराज साध्वीजी महाराज चातुर्मास के लिये पधारे है। कमाठीपुरा संघ ने भव्य चातुर्मास प्रवेश कराया। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि चार महीना धर्म ध्यान करके पुण्य कमाने का अनमोल अवसर है। हितेश विजय के शिष्यों में धर्म प्रति जो खुमारी है वो वंदनीय है। नीलेश चंद्र विजय इनकी अनमोल पहचान है।

### कांवड़ यात्रा के पहले नर्मदा मैया की पूजा-अर्चना की

**सागर।** कांवड़ यात्रा के पहले आज तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा सागर के पदाधिकारियों ने बरभान पहुंचकर नर्मदा मैया की पूजा अर्चना कर श्रीफल अर्पण किया । इस अवसर पर तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया, ब्रजमोहन पाठक, जुगल किशोर पचौरी, सचिन साहू, विकास राजपूत, नरेंद्र पाराशर उपस्थित रहे।

### घटनाएं रोकने एलिवेटेड कॉरिडोर पर जालियां लगाए प्रशासनः यादव

**सागर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौरी सिंह यादव ने जिला एवं निगम प्रशासन से मांग की है कि तालाब के एलिवेटेड कॉरिडोर पर तत्काल प्रभाव से सुरक्षा जालियां लगाई जाएं। उन्होंने कहा कि पुरवयाऊ निवासी राजपूत का निधन दुखद है , इसके पहले भी इतवारी वार्ड के युवक सहित कई लोग कॉरिडोर से तालाब में कूदकर जान दे चुके है । एलिवेटेड कॉरिडोर बनने के बाद तालाब में लगातार घटनाएं हो रही है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा । धीरे धीरे कॉरिडोर आत्मत्या का स्पॉट बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने 15 दिवस में सुरक्षा जालियां लगाने का काम शुरू नहीं किया तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी ।

### मोहर्रम पर सेवादल ने किया बलिदान को नमन

**सागर।** मोहर्रम के मौके पर किन्नर ताजिया बनाने की परम्परा कई सदियों से मनाते आ रहे है। इसी कड़ी में सागर में भी किन्नर लगातार इस परम्परा को निभाते आ रहे हैं। सागर की इतवारी टौरी ,रंगमहल से इमाम हुसैन की शहादत को श्रृद्धांजली देने के लिए ताजिया तैयार कर उन्हें शहर में विभिन्न मार्गों से सुपुर्द ए खाक करने निकाला गया। शहर के तीनबत्ती पर शहर सेवादल के अध्यक्ष सिंटू कटारे ने ताजिया पर पुष्प माला अर्पित करके हुसेन की कुर्बानी को नमन किया। शहर सेवादल अध्यक्ष के साथ प्रकाश जाटव, लल्ला यादव, अन्नू घोषी, रवि जैन, पंकज सोनी, अंकुर यादव, रवि जैन, तरूण सैनी आदि उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंदों पर मिल रहा है प्रोटीन युक्त भोजन

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर जिले की 2633 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषणयुक्त भोजन वितरित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन मेन्यू के हिसाब से रोटी सहित अन्य भोजन आंगनवाड़ी में अध्ययनरत बच्चों को प्रदान किया जाने लगा है। विगत दिवस कलेक्टर संदीप जी. आर. ने निर्देश दिए थे कि आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान किया जाए।

---

## चौबीस घंटों से लगातार बारिश, नदी-नालों में आया उफान

# पांच दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश से मौसम हुआ ठंडा

### आसमान में घने बादलों का डेरा नहीं हो रहे सूर्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

17 जून से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला अभी भी जारी है। पिछले 5 दिनों से रूक-रूक कर और पिछले 24 घंटो से एक सी जोरदार बारिश से नर्मदा क्षेत्र में पानी-पानी कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र के बरसाती नाले और 4 प्रमुख नदियों में पानी उफान मारने लगा है। बरगी डेम के नो गेट खोले जाने और स्थानीय स्तर पर हो रही जोरदार बारिश से कभी भी बाढ़ के हालात बन सकते है। आसमान में वर्षा वाले घने बादलों का निरंतर डेरा जमा रहने से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पा रहे है।

लोग घरो गांवो में कैद - पिछले 5 दिनों में कभी दिन में तो कभी रात में घंटो जोरदार बारिश हो रही है। रविवार की दोपहर में शुरू हुआ बारिश का सिलसिला सोमवार को समाचार भेजे जाने तक जारी बना हुआ है। लगातार बारिश के कारण ग्रामीण गांवो घरो में कैद बने हुए है। जिससे नगर की सडक़ो बाजारों में सन्नाटा बना रहता है। सोमवार की सुबह से तेज बारिश का सिलसिला शुरू होने से सरकारी और प्रायवेट स्कूलों में छात्र-छात्राओं की नगण्य उपस्थिति रही।

#### पुलियों, सडक़ो पर पानी

लगातार हो रही बारिश अब परेशानियों का कारण बनने लगी है। तेज बारिश का पानी नालियों में न बन पाने से सडक़ो पर बहने लगा है। ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों पर बनी पुलिया भी बारिश की अधिकता के कारण पानी में डूबने और ग्रामीणों का रास्ता रोकने लगी है। ग्रामीण क्षेत्र की सडक़े खेतों में पानी का भराव होने लगा है। पानी की अधिकता से धान की क्यारियां भी टूटने की स्थिति बन रही है।

#### नदियों में आया उफान

क्षेत्र की 4 प्रमुख बारना, तेदौनी, घोघरा, इक्यावन नदियों में भारी बारिश के कारण पानी निचले क्षेत्रों में फैलने और बाढ़ के हालात बनने लगे है। बरगी डेम के 9 गेट खोले गए है। अगले 24 घटो में नर्मदा का जल स्तर बढ जाएगा। नर्मदा में बाढ़ के कारण सहायक नदियों का हमेंशा पानी बहना रूक जाने की स्थिति बनती है। यइ इसी प्रकार क्षेत्र में बारिश होती रही तो नर्मदा की ठेल से सहायक नदियों का पानी निचले हिस्सों में भरना शुरू हो सकता है।

---

## स्व. अनिय यादव की स्मृति में रक्तदान शिविर भी आयोजित

# केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकार राजीव जैन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



गंज बासौदा में आयोजित पत्रकारो के महाकुंभ में प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एंव पर्यावरण विद लेखक,राजनेता स्वर्गीय अनिल यादव की स्मृति में प्रेस क्लब व नगर पालिका परिषद के सहयोग से नव निर्मित अत्याधुनिक पत्रकार भवन का लोकार्पण कार्यक्रम एंव स्वर्गीय अनिय यादव की स्मृति में उनकी मूर्ति का अनावरण व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भारत सरकार के केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एंव वरिष्ठ पत्रकार एडवोकेट राजीव जैन सैनानी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद माया नरोलिया,विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल,गंज बासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी,विदिशा विधायक मुकेश टंडन,कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे,नगर पालिका गंज बासौदा अध्यक्ष श्रीमति शशि अनिल यादव,जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

#### स्व. अनिल यादव मेरी कलम के गुरू

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजीव जैन सैनानी ने कहा कि स्व अनिल यादव वृक्षण प्रतिभा के धनी थें। एक व्यक्ति होते हुए भी उनके पास अनेकों कलाएं थी। नेतृत्व क्षमता, पत्रकार, लेखक, फिल्मकार, पर्यावरण विद, राजनेता के रूप में उन्होने मध्यप्रदेश में ऐसे काम किए हैं जो कि आज भी याद किए जाते हैं। वहीं उन में एक विशेष खूबी यह भी थी कि ग्रामीण क्षेत्रो से नए नए युवाओ को पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होने हमेशा आगे बडाकर युवाओ को प्रोत्साहन दिया। उन्होने कहा कि



में स्वंय भी आज जो पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहा हूं वह भी उन्ही की देन है। साथ ही जो उन्होने मुझे सिखाया वह आज मुझे पत्रकारिता के क्षेत्र में एक ऊंचा शिखर मिल पाया है। जब में नया नया इस क्षेत्र में आया तो प्रतिदिन समाचार छपने के लिए में बासौदा भेजा करता है और स्व अनिल यादव प्रतिदिन मुझे समझाते थे कि कौन सा समाचार कैसे लिखना है। आज स्व अनिल यादव का प्यार और डांट का ही उदाहरण है जो आज में पत्रकारिता के क्षेत्र में इस मुकाम पर पहुचा हूं। मुझे आज भी उनकी डांट और प्यार याद आता है। उन्होने कहा कि स्व अनिल यादव मेरी कमल के गुरू रहे है। मेरे जैसे कई पत्रकारो को उन्होने इस क्षेत्र में कलम का कैसे उपयोग किया जाता है यह भी सिखाया और इस क्षेत्र में अपने पैरो पर खडा भी किया।

---

# दो दिवसीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय सागर में दो दिवसीय इंस्पायर अवार्ड मानक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित बाल वैज्ञानिकों ने अपने-अपने मॉडल से निर्णायकों को एवं अतिथियों को प्रभावित किया इस पूरे आयोजन में मूल्यांकन हेतु चार सदस्यीय निर्णायक दल ने मूल्यांकन किया । सत्र 2023 24 एवं 2024 25 के कुल 158 में से प्रदर्शनी में कुल 120 बाल वैज्ञानिकों के मॉडल प्रदर्शित हुए । उनमें से 13 मॉडल राज्य स्तर के लिए चयनित किए गए । चयनित मॉडलों के बाल वैज्ञानिकों को सम्मानित करने हेतु अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अभय श्रीवास्तव एवं निर्णायक दल में प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक डॉ अनंत गुप्ता, प्रो. इमराना सिद्दीकी , प्रो. मधु स्थापक एवं असि. प्रोफेसर डॉ नीलेश राय तथा विभिन्न विद्यालयों के वरिष्ठ प्राचार्य उपस्थित रहे इस समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुधीर तिवारी ने इन नन्हे बाल वैज्ञानिकों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा करते हुए नवीनीकरण एवं नवाचार की प्रेरणा दी। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अभय श्रीवास्तव ने कहा कि सभी उपस्थित बाल वैज्ञानिक विजेता है और अपने नवाचार लगातार करते रहें एवं समाज की समस्याओं को सुलझाने में अपना योगदान दें उन्होंने कहा कि इस वर्ष के इंस्पायर अवार्ड के आईडिया अपलोड करने की कार्यवाही भी प्रचलित है इसलिए समय पर सभी विद्यालयों के मार्गदर्शी शिक्षक और विद्यार्थी अपने-अपने आइडिया इंस्पायर अवार्ड मानक की साइट पर जरूर अपलोड करें और अगले वर्ष के लिए भी तैयार रहें । भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग नई दिल्ली से पधारे वैज्ञानिक डॉक्टर अनंत गुप्ता ने सभी विजेता बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी और लगातार नवाचार करने हेतु प्रेरित किया।

दमोह जिले के मार्गदर्शी शिक्षक बहादुर सिंह एवं सागर जिले के मार्गदर्शी शिक्षक श्यामा चरण कुर्मी ने आयोजन की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए इन बाल वैज्ञानिकों को नवाचार के लिए प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं दी। प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा सर्वश्रेष्ठ मॉडल को तैयार करने वाली छात्रा किंजर अहिरवार एवं छात्र दिव्यांश जैन ने भी इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संपूर्ण आवास भोजन एवं व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और बहुत कुछ सीखने की बात कही।

---

# हिउस ने सरस्वती मंदिर समिति पदाधिकारियों का किया स्वागत



**बरेली।** रामलीला मैदान स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा स्वागत कायक्रम रखा। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज शांडिल्य, उपाध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, परशुराम सेवा के जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा और वॉइस ऑफ मीडिया जिला रायसेन के अध्यक्ष संजय शर्मा का स्वागत कर बधाइयां दीं। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेले, कोषाध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, सचिव सचिन शांडिल्य, राजू ठाकुर, कार्यकरणी सदस्य विनोद शर्मा, मनोज भार्गव, सत्यनारायण रघुवंशी, योग गुरु नागेंद्र लोधी, विशाल सिंह ठाकुर इत्यादि की उपस्थिति रही।

---

## ताजियों का निकला जलूस

# बारिश की बाधा के बीच दो दिवसीय मातमी पर्व मोर्हरम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को बडा बाजार स्थित चौक मे ताजियां रखे गए। रविवार एवं सोमवार दौनों दिन नगर में जोरदार बारिश होने से मोर्हरम के त्योहार में पानी गिरना बाधा भी बनता रहा। इसके बाद भी मुस्लिम समाज में त्योहार मनाने के प्रति उत्साह बना रहा। सोमवार को ताजियों के साथ मातमी जलूस निकला और घोघरा नदी में ताजियों को शोक मग्न माहौल में ठंडा किया गया। नबावी शासन के दौरान से नगर में दो दिन मोर्हरम का त्योहार मनाये जाने की परंपरा है। एक दिन ताजियां रखे जाते है। दूसरे दिन लगभग 24 घंटो के बाद उन्हें ठंडा किया जाता है। इन दो दिनों में अनेक बार अखाडो का प्रदर्शन देखने भारी संख्या में हिन्दु-मुस्लिम समुदाय के लोग और महिलाए भी उपस्थित रहते है।

---

## आफिस में भी घर जैसा आत्मीय माहौल बनाकर रखते थे प्रदीप पांडेः जेडी डॉ मनीष वर्मा

**सागर।** कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग सागर में सहायक ग्रेड दो के पद पर कार्यरत प्रदीप पाण्डेय के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए जेडी डॉ मनीष वर्मा ने कहा कि पाण्डेय ने माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती के दौरान सत्यापन जैसे कठिन कार्य सहित विभाग में 38 वर्ष तक निष्ठा और ईमानदारी से काम किया। उनकी खूबी यह थी कि वह आफिस में भी घर जैसा आत्मीय माहौल बनाकर रखते थे। समारोह के विशेष अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप पाठक ने कहा कि पाण्डेय मेरे छोटे भाई जैसे हैं और हमारा सालों पुराना नाता है। वे कभी किसी काम के लिए इंकार नहीं करते।

---


**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्यारसपुर, जिला - विदिशा (म.प्र.)**

क्र.605 / स्था/2025 ग्यारसपुर दिनांक-25/06/25

विज्ञप्ति

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्यारसपुर में वर्ष 2025-26 हेतु जी.एस.टी. धारी फर्म से निम्न कार्यो हेतु कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती हैं-

1. डाइट किराना सामग्री
2. अमुल गोल्ड दूध पैकेट
3. स्टेशनरी
4. इलेक्ट्रिक सामग्री
5. कम्प्यूटर सामग्री एवं रिपेयरिंग

नोटः- 1. विज्ञप्ति प्रकाशन के चार दिवस में कोटेशन कार्यालय में जमा करें
2. संबंधित फर्म का जीएसटी सर्टिफिकेट एवं बैंक के खाते में आधार कार्ड एवं पेन कार्ड लिंक होना अनिवार्य है। सबकी प्रतिलिपि संलग्न करें।

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामु.स्वा. केन्द्र ग्यारसपुर**


---

### हजरत इमाम हुसैन की याद में निकले ताजिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गढ़ाकोटा

सागर जिले के गढ़ाकोटा में शहीदाने कर्बला हजरत इमामे हसन हुसैन की याद में गाजे, बाजे, अखाड़े के साथ बारिश कि फुहारों निकले ताजिया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए देर शाम कर्बला मैदान पहुंचे। जहां पर अखाड़े का प्रदर्शन किया गया इसी के साथ नगर की दोनों सवारिया ने शहर गस्त करते हुए कर्बला मैदान पहुंची। इस अवसर पर भाजपा नेता अभिषेक भार्गव कर्बला मैदान पहुंचे जहां उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात की और हुसैन की शहादत को लेकर याद किया। इस अवसर शहर मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष नासिर भाईजान, थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे, मनोज तिवारी, हाजी अनवर खान सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखी गई ।

---

#### पेंशनर्स एसो. की बैठक में निर्णय

## प्रतिमाह बैठक में होगा हनुमान चालीसा पाठ



**बरेली।** रामलीला मैदान के सभाकक्ष में प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो. की मासिक बैठक हुई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय और प्रस्ताव पारित हुआ कि 31 जुलाई तक सदस्यता अभियान पूर्ण किया जाए। दूसरा प्रस्ताव पारित हुआ कि पेंशनर्स प्रतिमाह बैठक में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। बैठक में नरसी प्रसाद शर्मा, जेपी ठाकुर, रमेश सिंह धाकड़, आरपी वर्मा, के.के. चौबे, नारायण सिंह धाकड़, जीआर धाकड़, रामाधार श्रीवास्तव, जगन्नाथ प्रसाद धाकड़, गुलाब सिंह धाकड़, किशोर सिंह ठाकुर, डीडी धाकड़ सहित अन्यों की उपस्थिति रही।

---






---

## स्कूली बच्चों ने गेहूं से आटा बनने की प्रक्रिया को जाना

# डेफोडिल्स स्कूल के छात्रों ने मेकलसुता आटा मिल का किया शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



नगर की उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्था डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल सीबीएसई शाखा के कक्षा आठवीं के बच्चों ने मेकलसुता आटा मिल का शैक्षिक भ्रमण किया। गेहूं से आटा बनने की प्रक्रिया को जाना। डैफोडिल्स के छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत मेकलसुता आटा मिल का दौरा किया। इस दौरान बच्चों को यह दिखाया गया कि गेहूं से आटा कैसे तैयार किया जाता है और इसमें किन-किन मशीनों का उपयोग होता है। मेकलसुता मिल के संचालक शिवराज पटेल ने बच्चों को आटा बनाने की पूरी प्रक्रिया— गेहूं की सफाई, छटाई, ग्राइंडिंग और पैकेजिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों ने मशीनों को चलते हुए देखा और समझा कि किस प्रकार आधुनिक तकनीक से शुद्ध और पौष्टिक आटा तैयार किया जाता है। बच्चों ने इस अवसर पर कई सवाल भी पूछे, जिनका उत्तर मिल कर्मचारियों ने सरल और रोचक ढंग से दिया। शिक्षकों का कहना है कि इस तरह के शैक्षिक दौरों से बच्चों को वास्तविक जीवन की प्रक्रियाओं को समझने में मदद मिलती है और उनका व्यावहारिक ज्ञान बढ़ता है। यह अनुभव बच्चों के लिए न सिर्फ़ ज्ञानवर्धक रहा। विद्यालय के प्राचार्य का कहना है कि उनका उद्देश्य न केवल शैक्षणिक ज्ञान देना है, बल्कि बच्चों को तकनीकी ज्ञान भी प्रदान करना है।

---







**यह तालाब नहीं,** राष्ट्रीय राजमार्ग जयपुर जबलपुर किनारे अवैध उत्खनन से बने गड्ढे

# अनदेखी...गिट्टी क्रेशरों की आड़ में छलनी कर रहे जमीन, रहवासियों का रहना दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले से गुजरे नेशनल हाइवे जयपुर जबलपुर किनारे गौहरगंज तहसील के गिट्टी क्रेशरों के पास बस्ती और शासकीय स्कूल बिनेका तिराहे के पास हाइवे किनारे एक बड़े क्षेत्र में खाई बन गई हैं। जिनमें से कई की गहराई 25 से 30 फीट से भी ज्यादा है। बारिश के दौरान इनमें जलभराव हो जाता है, जिससे बारिश के मौसम में हर दम हादसे की भी आशंका बनी रहती है।

जिले की तहसील गौहरगंज के बिनेका, डामडोंगरी, ओबेदुल्लागंज सेंचुरी एरिया, बम्होरी, पांजरा बिनेका जंगल क्षेत्रों आदि में धड़ल्ले से क्रेशरें संचालित है। इतना ही नहीं बिनेका चौराहे से सौंथर सोसाइटी मार्ग के बाजू में गिट्टी क्रेशरें ऐसी जगह संचालित है, जहां कुछ ही मीटर की दूरी पर शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल और बस्ती है। क्रेशर चालू होते ही वहां से निकलने वाली पथरीली धूल स्कूल और बस्ती तक पहुंची है।

मनमाफिक खनन से बनी यह खदानें जानलेवा भी साबित हो रहीं हैं। बारिश के सीजन में तो खतरा और भी बढ़ जाता है, क्योंकि जलभराव होने के बाद आसपास बसे गांव के लोग इनमें नहाना शुरू कर देते हैं, जिससे कई हादसे हो चुके है।

जिले में बे-रोकटोक चल रहे अवैध उत्खनन से जमीन छलनी हो रही है। सबसे ज्यादा खनन क्रेशर की आड़ में यह सब कुछ खेल चल रहा है। पत्थर निकालने के लिए खनिज व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कुछ मापदंड तय किए हैं, लेकिन खनन माफियाओं द्वारा कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है।

**खास बातें**

- पत्थर गिट्टी क्रेशर माफियाओं ने जिले के वन क्षेत्रों को भी नहीं छोड़ा
- खनिज विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आला अफसर बने मूक दर्शक





### क्रेशर संचालकों को थमाए नोटिस

*माइनिंग की रायल्टी पर 18 % जीएसटी लगाने की तैयारी, 2 से 3 रुपए प्रति फीट बढ़ेंगे गिट्टी के दाम। अब यदि कोर्ट जीएसटी की राशि जमा करने के आदेश देता है तो जिले में गिट्टी के दाम बढ़ सकते हैं। 2017 से 2025 तक आठ साल की जीएसटी की राशि एक साथ जमा करना है। जिला वाणिज्यिक कर विभाग ने क्रेशर संचालकों को थमाए नोटिस, क्रेशर संचालक कोर्ट पहुंचे। वाणिज्यिक कर विभाग ने माइनिंग पर 18% जीएसटी लगाने की तैयारी कर ली है। जिले में अभी तक माइनिंग पर जीएसटी नहीं लग रहा था। लेकिन सेल्स टैक्स के अधिकारियों ने क्रेशर संचालकों को चार साल का जीएसटी जमा करने के लिए नोटिस थमा दिए हैं। जिसके विरोध में क्रेशर संचालक कोर्ट पहुंच गए हैं। अब यदि कोर्ट जीएसटी की राशि जमा करने के आदेश देता है तो जिले में गिट्टी के दाम बढ़ सकते हैं। जीएसटी लगने के बाद प्रति फीट दो से तीन रुपए गिट्टी के दामों में वृद्धि होगी। इसलिए अब खनन की रायल्टी पर 18% जीएसटी की राशि जमा करना होगी। जिले के क्रेशर संचालकों को 2017 से 2025 तक की आठ साल की रायल्टी पर 18% जीएसटी की राशि जमा करने के लिए नोटिस दिए गए हैं। कुछ क्रेशर संचालक जीएसटी जमा कर चुके हैं।*

### इनका कहना है

हमने कलेक्टर साहब के आदेश पर गिट्टी क्रेशर संचालकों को पत्र लिखकर एनओसी परमिशन सहित तमाम दस्तावेज रिपोर्ट बुलाने की बातें कही है। कुछ गिट्टी क्रेशर मालिकों द्वारा दस्तावेजों की फाइल विभाग में जमा करवा दी है।

**- सुमित गुप्ता,** प्रभारी खनिज अधिकारी रायसेन।

## ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर, हैंडपंप उत्खनन कराने लगाई गुहार

**महिलाएं बोलीं** 3 माह से गांव में पसरा अंधेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को दोपहर के वक्त लगभग छह किमी का सफर पैदल तय करते हुए ग्राम पंचायत सदालतपुर के बुजुर्ग युवा महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणजनों द्वारा कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा से मुलाकात कर आवेदन दिया, उन्होंने गुहार लगाते हुए बताया कि हमारे गांव बरबटपुर में कम पावर की डीपी लगी थी, जिसमें ओवरलोड कनेक्शन हो जाने पर करीब 3 माह पूर्व जल चुकी है, जिससे गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। बारिश के मौसम में पथरीले रास्ते पर रेंगते जहरीले जीव जंतुओं से जान को खतरा बना हुआ है, जिससे ग्रामीण चिंतित हैं।

ग्रामीणजनों ने कलेक्टर से 63 केवीए पावर की डीपी लगाए जाने की मांग की है। वहीं शान्तिधाम तक कच्चा कीचड़ युक्त रास्ता है। सीसी सड़क जल्द बनाई जाए तो बेहतर होगा। सड़क समस्या को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव से भी समस्या से अवगत कराया। लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे ग्रामीणों में गांव की सरकार के प्रति आक्रोश पनप रहा है। बरबटपुर में एक हैंडपंप जल्द उत्खनन कराया जाए, ताकि ग्रामीणों की पानी की किल्लत दूर हो सके।

### ग्रामीणों ने पूर्व में सीएम हाउस भोपाल तक की थी पदयात्रा

*लगभग साढ़े 3 साल पहले बरबटपुर के ग्रामीणों ने जनपद सदस्य पर्वत सिंह धानक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सदालतपुर से लेकर भोपाल सीएम हाउस तक पदयात्रा की थी। वहां मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया था। बावजूद इसके साढ़े 3 साल बीत जाने के बाद भी उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो सका, जिससे ग्रामीण परेशान है। श्री धानक ने जिला प्रशासन के आला अफसरों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके गांव की जटिल समस्याओं की अनदेखी की तो आंदोलन किया जाएगा।*

## अयोध्या धाम मंदिर से लेकर पुरानी चौकी तक सड़क दलदल में तब्दील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

शिक्षा विभाग हर साल स्कूल चलें हम अभियान पर लाखों रुपए खर्च करती है, लेकिन आज भी कई स्कूल ऐसे है, जहां तक पहुंचने के लिए पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को दलदल में से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसा ही मामला अंबाडी गांव का है जहां पर बच्चे अयोध्या धाम मंदिर से लेकर हाईवे तक दलदल में से होकर गुजरना पड़ रहा है।

बारिश होती है तो रास्ता दलदल के रूप में बदल जाता है। ऐसे में स्कूल चले हम का नारा बेमानी साबित हो रहा है। सांची विकासखंड के अंतर्गत आने पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में अंबाडी, सेमरा, मुस्काबाद, कालीटोर, पिपरई, बसिया, सत्ती, मुनारा, केमखेडी, सहित एक दर्जन से ज्यादा गांव के बच्चे कच्चे रास्ते से होकर स्कूल जाते है। स्कूल भवन बनने के 30 साल बाद भी प्रशासन यहां के बच्चों को पक्का रास्ता उपलब्ध नहीं करा पाया है। बारिश में यह ग्रेवल रोड़ पर वाहन चलने से गड्ढे बन गए हैं जो अब कीचड़ का रूप ले चुके हैं।

## नाबालिग ने की थी युवक की हत्या, चढ़ा पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर के वार्ड 6 निवासी रंजीत ठाकुर 22 वर्ष की हत्या के मामले में एक नाबालिग को घटना के 12 घंटे के अंदर बाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस हत्या के खुलासा करते हुए एसपी पंकज पांडे, एएसपी कमलेश कुमार, एसडीओपी, आदिती बी सक्सेना ने बताया कि रविवार की सुबह जब लोग घूमने निकले तो रंजीत ठाकुर का शव वार्ड 6 के नाले में पड़ा मिला था। उसकी गर्दन पर धारदार हाथियार के गहरे घाव थे। बाड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर मामला विवेचना में लिया था। पुलिस ने मृतक की बाइक भी बरामद कर ली है।

### यह था मामला

रंजीत ठाकुर और नाबालिग आरोपी के बीच किसी मामले को लेकर गाली-गालौच और झूमाझटकी हुई। इसके बाद आरोपी ने धारदार हाथियार से वार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर बच्चों की जेल भेज दिया है।

### इनकी रही भूमिका

कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेश तिवारी, उनि संजय यादव, सउनि मोहन यादव, प्रआर मोहनीश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह राजपूत, प्रदीप चौधरी की सराहनीय भूमिका रही।

## फसल सुरक्षा के लिए खेत पर तार फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

◆ किसानों के लिए अच्छी खबर, अब अपनी फसल को रख सकेंगे सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर अब तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले किसान अपने खेत के चारों ओर 5 तार व खम्भे की तारफेंसिंग लगवा सकते हैं।

जिला उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है।

आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) सब्सिडी अनुदान प्रदान किया जाएगा। तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा 3 लाख है। इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी।

## मोहर्रम पर हिन्दू-मुस्लिम भाईयों द्वारा निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



मातम और शहादत के प्रतीक मोहर्रम के समापन पर ताजिए बुर्राक घोड़ों और अखाड़ों का जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से निकाला गया। जुलूस मुस्लिम त्यौहार कमेटी के तत्वावधान में आयोजित किया, जिसमें मुस्लिम त्यौहार कमेटी के सदर अथर खान उर्फ अच्छे भाई, पूर्व अध्यक्ष जमील खान, भूरा भाई, डग्गा कुरैशी पहलवान, रेहान खान एड., गुड्डू राइन आदि शामिल हुए।

उन्होंने बताया कि इस्लामी नए साल की शुरुआत मोहर्रम महीने से ही होती है। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत के अवसर पर मातमी मोहर्रम मुस्लिम समुदाय के लोग मानते हैं। अखाड़ों के उस्तादों का जगह जगह मंचों से स्वागत भी किया। दरगाह शरीफ के पास करबला में पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ।

ग्राम पंचायत कानपोहरा, याकूबपुर में रविवार को मोहर्रम के उपलक्ष्य में मातमी जुलूस और नाल साहब की सवारियां गांव में घूमकर निकाली गईं। जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू मुस्लिम भाईयों ने जुलूस में शामिल होकर मिल जुलकर एकता अखंडता की अनूठी मिसाल पेश की। जुलूस में अखाड़ों के पहलवानों ने लेजम, बनेटी, तलवार, लाठियों का प्रदर्शन कर हैरत भरे कारनामे दिखाए। इस जुलूस में सरपंच प्रतिनिधि कैलाश किरार, उप सरपंच शेरसिंह लोधी, सरपंच तौफीक खान व ग्रामीणजन शामिल हुए।

### देर रात कर्बला में ताजियों का किया विसर्जन इमाम हुसैन की याद में निकाला जुलुस



**सांची।** ग्राम गुलगांव में गंगा जमुना तहजीब के प्रतीक इमाम हुसैन की शहादत में मनाये जाने वाले मुहर्रम का देर शाम कर्बला में ताजियों का विसर्जन कर समापन किया गया। मुहर्रम कमेटियों, अध्यक्षों के मार्गदर्शन में मुहर्रम माह की सात तारीख से नाल साहबों की नौ तारीख कत्ल की रात एवं माह की दस तारीख ताजिये विसर्जन किये जाने तक सवारियां देर रात तक निकाली गई। जहां लोगों ने लौबान छोड़कर अपनी सलामती एवं अमनो अवाम की दुआएं मांगी।

वहीं मुहर्रम पर्व की दस तारीख दिन रविवार को मुहर्रम कमेटियों के अध्यक्षो के मार्गदर्शन में जुलूस अखाड़ों के साथ निकाला गया। जुलूस के दौरान भारी बारिश में युवाओं द्वारा आकर्षण कर्तव्य देर रात दिखाए गए। वहीं देर रात्रि सवारियां उठाई गई जिनको गश्त कराते हुए अपने मुकाम पर विसर्जन किया गया। वहीं सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल अहिरवार ने प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सब सवारियों का स्वागत किया और अखाड़ों का खेल रहे बच्चों का फूल मालाओं से स्वागत किया और अखाड़ों के खलीफाओं का पुष्पमालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंट किए।

## दिनभर जमकर बरसे मेघ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में जोरदार बारिश का दौर लगातार जारी है, जिससे शहर में चौतरफा पानी पानी का जलजला हो गया। नगर के गली मोहल्लों सहित सड़क विहीन कालोनियो में कीचड़ का साम्राज्य फैल गया है] जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नपा के सफाई व्यवस्था के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है।

पिछले 24 घण्टों रविवार और सोमवार को दिन रात बरसात का सिलसिला लगातार जारी है। वीआईपी कॉलोनी वार्ड 4 में कीचड़ फैली हुई है, जिससे रहवासियों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

## गजेंद्र गुप्ता अध्यक्ष व फैज खान उपाध्यक्ष नियुक्त

### प्रेस क्लब सिलवानी की नवीन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



प्रेस क्लब सिलवानी की नवीन कार्य कारिणी का गठन किए जाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें कई सदस्य मौजूद रहें। नगर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक में प्रेस क्लब की पूर्व कार्यकारिणी को भंग किए जाने की घोषणा तत्कालीन अध्यक्ष विजय जैन के द्वारा की गई। तत्पश्चात नवीन समिति के गठन को लेकर उपस्थित सदस्यों के बीच चर्चा हुई।

चर्चा उपरांत सर्वसहमति से गजेंद्र गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन भी सहमति से किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष फैज खान, सचिव राजकुमार रघुवंशी, कोषाध्यक्ष रकीब खान, महामंत्री फईम मंसूरी, सहसचिव आशीष सैनी, संगठन मंत्री कृष्ण कांत सोनी, संयोजक शिवम नामदेव, विधि सलाहकार आदित्य रामशरण, प्रवक्ता उवेश खान को चुना गया। जबकि संरक्षक का दायित्व विजय जैन को दिया।

यहां पर पत्रकारिता सहित अन्य मुद्दो पर विस्तार से चर्चा कर गई। निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

### गरीब, बुजुर्गों की सेवाभाव की झलक आई सामने, सुंदरकांड पाठ का आयोजन

## सादगी व उत्साह से कार्यालय में मनाया जिलाध्यक्ष शर्मा का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन







सोमवार को जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा का जन्म दिवस सादगी एवं उत्साह के साथ जिला भाजपा कार्यालय रायसेन में मनाया गया। वहीं भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान सीएम श्री यादव ने भी श्री शर्मा का स्वागत किया एवं जन्म दिन की बधाई दी। इधर जिला भाजपा कार्यालय में स्वागत का क्रम चलता रहा।

श्री शर्मा ने जिला भाजपा कार्यालय में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छाया चित्रों के समक्ष पुष्प अर्पित कर नमन किया। इससे पूर्व उन्होंने सागर मार्ग टपरा-पठारी स्थित स्थित भूतेश्वर भोलेनाथ के मंदिर में अपने परिवार के साथ पूजा अर्चना जल अभिषेक कर भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया। दिन भर जन्म दिवस की लोग शुभकामनाएं देते रहे। जिला भाजपा कार्यालय में भी बधाई देने वालों की खासी भीड़ लगी रही।

श्री शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई देने वालों में स्टेट दिशा कमेटी मेंबर अनिल शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा, सांचेत मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल, अनाज व्यापारी मिथलेश सोनी, समाजसेवी डॉ एके शर्मा, दीपक रघुवंशी, जीतू ठाकुर, विनय कटियार, विकास शर्मा, रुपेश तंतवार, बब्लू ठाकुर, मीडिया प्रभारी सीएल गौर, हरि साहू आदि शामिल रहे। श्री शर्मा ने सभी शुभचिंतक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने वालों सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

महात्मा गांधी वृद्ध आश्रम पहुंचकर श्री शर्मा ने वृद्धजनों को कपड़े वितरित किए और उन्हें भोजन कराया, जिन्हें पाकर वृद्धिजन खुश नजर आ रहे थे। श्री शर्मा ने वृद्ध आश्रम में रहने वाले वृद्ध जनों से आशीर्वाद भी लिया एवं उनके हाल-चाल जाना।

### जन्मदिवस पर भाजपा कार्यालय में हुआ सुंदरकांड पाठा का आयोजन

*जिला भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा के जन्म दिवस के उपलक्ष में सुंदरकांड मंडली द्वारा संगीतमय धुन पर आकर्षक सुंदरकांड का आयोजन किया जिसमें जिला अध्यक्ष श्री शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे एवं पवित्र सुंदरकांड पाठ के आयोजन में भाग लेकर धर्म का लाभ उठाया।*